# University in News on 07 January 2025

## i-NEXT PAGE 5

# पीएचडी में एडमिशन के लिए इंटरव्यू आज से शुरू

**सूची में चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर संबंधित विभाग में पहुंचना होगा**



**LUCKNOW (6 JAN):** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के पीएचडी दाखिले के लिए साक्षात्कार मंगलवार से होंगे. इसके लिए पहले दिन फिजिकल एजुकेशन और सोशियोलाजी के साथ होगी.

### टाइम का रखें ध्यान

प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है. उन्हें अपने साथ सभी शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति, उसकी फोटोकापी, आरक्षण प्रमाण पत्र (यदि हो) के साथ रिसर्च प्लान भी लेकर आना है. फिजिकल एजुकेशन में पी.एचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार सात, आठ व 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगा. वहीं, समाजशास्त्र विषय के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया सात, आठ व नौ जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगी.

### संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.ए सातवें सेमेस्टर इकोनामिक्स की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है. यह परीक्षाएं 20 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी. इसका समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहेगा. विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से डाउनलोड की जा सकती है.

### इन सीटों पर होंगे एडमिशन

लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार रेगुलर की 934 सीटों पर प्रवेश लेगा. इनमें 362 सीटें विश्वविद्यालय और 572 सीटें संबद्ध कालेजों की शामिल हैं.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : पी.एचडी प्रवेश के साक्षात्कार आज से

जासं • लखनऊ : लवि में सत्र 2024-25 के पी.एचडी दखिले के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। इसके लिए पहले दिन फिजिकल एजुकेशन और सोशियोलाजी विषय के साथ होगी।

प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्हें अपने साथ सभी शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति, उसकी फोटोकापी, आरक्षण प्रमाण पत्र (यदि हो) के साथ रिसर्च प्लान भी लेकर आना है। फिजिकल एजुकेशन में पी.एचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार सात, आठ व 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। वहीं, समाजशास्त्र विषय के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया सात, आठ व नौ जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

इन सीटों पर होंगे प्रवेश : लवि इस बार रेगुलर की 934 सीटों पर प्रवेश लेगा। इनमें 362 सीटें लवि और 572 सीटें संबद्ध कालेजों की शामिल हैं।

# परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ : लवि ने बी.ए सातवें सेमेस्टर इकोनामिक्स की परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 20 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। इसका समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहेगा। विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से डाउनलोड की जा सकती है। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने पर ही मिलेगा शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» लविवि में कल तक दर्ज होगी उपस्थिति

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति छात्र-छात्राओं के बायोमैट्रिक उपस्थिति के बिना मान्य नहीं होगी। विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी ने इसके लिए सभी आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को निर्देश जारी किया है। सामान्य, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय सारणी घोषित की गई है। इसके लिए अंतिम तिथि 8 जनवरी निर्धारित की गई है।

सत्र 2024-25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। उनको समाज कल्याण मंत्रालय के आदेशानुसार कुलसचिव कार्यालय में बायोमैट्रिक लगाना अनिवार्य है। यदि विद्यार्थी अपना बायोमैट्रिक दर्ज नहीं कराते हैं तो उनको दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभों से वंचित किया जाएगा। इसके अलावा जिन छात्र-छात्राओं ने पहले बायोमैट्रिक कराया है उनको बायोमैट्रिक कराने से छूट प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर तक विद्यार्थियों का ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिया गया था। सरकार की ओर से साल में दो बार छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, लेकिन इस बार मार्च में छात्रों को भुगतान कर दिया जाएगा।

### क्या है दशमोत्तर छात्रवृत्ति

दशमोत्तर छात्रवृत्ति केंद्र व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमावली के अंतर्गत प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनार्न्तगत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाता है। शासकीय और सहायता प्राप्त संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यह प्रदान किया जाता है।